**नए साल का जश्न**





31 दिसंबर की रात जैसे ही 12 बजे वैसे ही लोगों ने पुराने साल को विदा कर एक दूसरे को बधाइयां देते हुए नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया। बरेली क्लब में नए साल के जश्न में झूमते शहर वासी। डीजे पर युवक-युवतियों ने जमकर मस्ती की। ● अमृत विचार

### शहर में आज

- ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से नववर्ष महोत्सव पर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन टीबरीनाथ मंदिर परिसर में शाम 4 बजे।
- पंजाबी महासभा के तत्वावधान में विधवा पेंशन योजना एवं वस्त्र वितरण श्री बांके बिहारी मंदिर में सुबह 9 बजे।
- सिंधु नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में भजन संध्या शाम 6 बजे।
- श्री हरि मंदिर में भजन संध्या शाम 7 से 10 बजे तक।
- क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में नए साल पर प्रभु यीशु की आराधना सुबह 10 बजे से।
- संभागीय परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन स्मार्ट सिटी जीआईसी ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे।

# मस्ती में नाचे, झूमे और 12 बजते ही बोले-हैप्पी न्यू ईयर

## क्लब, होटल, रेस्टोरेंट, रिजार्ट, मॉल में देर रात तक रहा जश्न का माहौल, नए साल की खुशी में कई जगहों पर हुई जमकर आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटे शहर में हर तरफ उल्लास का माहौल दिखा। 31 दिसंबर की रात और नए साल के जश्न में शहर पूरी रात नाचता, झूमता रहा। घड़ी की सुइयों ने जैसे ही रात के 12 बजाए, लोग खुशी से झूम उठे। एक दूसरे को नए साल की बधाई दी। होटल, रेस्टोरेंट, रिजार्ट, मॉल और बाजार में देर रात तक जश्न चलता रहा।

वर्ष 2025 की विदाई और नए साल 2026 के आगमन को लेकर लोग उत्साहित थे। रात 12 बजते ही पटाखों के शोर ने बता दिया कि नए साल का आगाज हो गया है। शहर के होटल निर्वाना, रमाडा, रेडिसन सहित अन्य स्थानों पर शाम से ही पार्टियों का दौर शुरू हो गया था। सुरीले गीतों, रंग-बिरंगी लाइट्स और आकर्षक सजावट के बीच लोगों ने केक काटे और गले लगकर हैप्पी न्यू ईयर बोले। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी के मन में नए साल की नई तरंग दिख रही थी, जो लोग यहां पर नहीं आ पाए, उन्होंने कालोनियों में नए साल को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



सिविल लाइंस स्थित होटल में नए साल का जश्न मनाते शहरवासी। ● अमृत विचार

बच्चों ने परिजनों के साथ लजीज व्यंजन खाकर डांस किया तो कहीं जोड़ों में आए युवाओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर गीत-संगीत का आनंद उठाया। इस दौरान वाट्सएप, फेसबुक, ईमेल और मोबाइल पर संदेश भी खूब भेजे गए। घर पर नए साल की खुशियां मनाने वालों ने दोस्तों और परिचितों को फोन कर बधाई दी। वहीं, नए वर्ष का स्वागत आर्ट ऑफ लिविंग ने गुरु पूजा, गुरु पादम, सत्संग से किया। इस दौरान भजनों की रसधार बही। गिरजाघरों में मध्य रात्रि में प्रार्थना सभाएं आयोजित कर नव वर्ष का स्वागत किया गया। चौराहों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। उधर, पशुपति नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, वनखंडी नाथ मंदिर आदि मंदिरों पर विशेष तैयारियां की गई हैं, ताकि भक्तों को पहले दिन पूजन करने में कोई दिक्कत न आए।

### यो यो के गानों पर जमकर झूमे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** नववर्ष के स्वागत को लेकर बुधवार को बरेली क्लब सतरंगी रोशनी से सराबोर नजर आया। परिसर को नए साल की थीम पर सजाया गया था। न्यू ईयर नाइट को खास बनाने के लिए क्लब में डीजे हर्ष इलाहाबादी और खुशबू पठानिया ने धमाकेदार प्रस्तुतियां दीं। यो-यो के गानों पर लोग झूम उठे। घड़ी में 12 बजते ही सभी ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। देर रात जश्न चलता रहा। क्लब मैनेजमेंट कमेटी के निदेशक राजा चावला ने बताया कि सुरक्षा और अनुशासन के मद्देनजर प्रवेश व्यवस्था को बेहद सख्त रखा गया। सभी ने नव वर्ष का पूरे जोश के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में बरेली क्लब के अध्यक्ष ब्रिगेडियर हरदीप प्रीतपाल सिंह, विजय कपूर, मनीष सहगल आदि मौजूद रहे।



युवतियों ने हैप्पी न्यू ईयर बोलकर जमकर की मस्ती। ● अमृत विचार



क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में नए साल के आगमन पर की प्रार्थना। ● अमृत विचार

# सख्ती : शाम ढलते ही सड़कों पर उतरे अफसर

- न्यू ईयर ईव पर एडीजी, डीआईजी और एसएसपी ने पुलिस फोर्स के साथ की गश्त
- हुड़दंगियों पर रही पुलिस की नजर, कानून की सीमा में रहकर जश्न मनाने को चेताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नए साल के जश्न से पहले हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए बुधवार को अफसरों ने पूरी ताकत झोंक दी। कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को चेताने के लिए एडीजी, डीआईजी और एसएसपी खुद सड़क पर उतरे और भारी पुलिस बल के साथ शहर में पैदल मार्च किया। चौकी चौराहे से शुरू हुआ मार्च कचहरी और जंक्शन तक पहुंचा। डॉग स्क्वॉड के साथ हथियारों से लैस पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजरें जमाए रही।



नए साल के आगमन से पहले शहर की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

फ्लैग मार्च के दौरान अफसरों ने डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को साफ शब्दों में आदेश दिए कि हुड़दंग, शराबखोरी, स्टंटबाजी और अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मार्च में एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा, एएसपी सोलानी मिश्रा, सीओ प्रथम आशुतोष शिवम और सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि 31 दिसंबर और 1 जनवरी को भीड़-भाड़ वाले इलाकों, होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वहीं डीआईजी अजय साहनी ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि 31 दिसंबर की शाम से लेकर पूरी रात और नए साल के दिन तक शहरभर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलेगा।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पिकनिक स्पॉट, पार्कों और घूमने-फिरने वाली जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। अधिकारी खुद मैदान में उतरकर मोर्चा संभाल रहे हैं और लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं, ताकि छेड़खानी, नशाखोरी, अवैध शराबखोरी और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को रंगे हाथों पकड़ा जा सके। उन्होंने ने साफ शब्दों में चेताया है कि नया साल खुशी से मनाएं, लेकिन कानून की सीमा में रहें। जो भी नियम तोड़ने या माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# स्वास्थ्य विभाग को मिलेंगे 37 डॉक्टर

**बरेली, अमृत विचार :** बरसों से डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य विभाग को जिले में बड़ी राहत मिलने जा रही है। जल्द ही विभाग को 37 नए डॉक्टर मिलेंगे। जिसकी प्रक्रिया शासन के आदेश पर शुरू कर दी गई है। वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से डॉक्टरों की तैनाती होगी।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की सूचना पूर्व में ही प्रकाशित कराई जा चुकी है। 37 पदों पर भर्ती होगी, जिसकी आवेदन प्रक्रिया 1 जनवरी को समाप्त हो जाएगी। प्रशासन के उच्चाधिकारियों की अध्यक्षता में साक्षात्कार प्रक्रिया 8 जनवरी को संपन्न होगी। इन डॉक्टरों को एचडीयू, एसएनसीयू, सरकारी अस्पताल में संचालित ओपीडी और एनसीडी क्लीनिक में तैनात किया जाएगा। जिससे मरीजों को काफी हद तक सहूलियत मिलेगी।







हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# आर्किटेक्ट का घर चोरों ने खंगाला, एक करोड़ का माल समेटा

## इस्लामिया ग्राउंड के ठीक सामने है आर्किटेक्ट का मकान, परिवार के साथ मुरादाबाद शादी समारोह में गए थे अभिषेक, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली


चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित इस्लामिया ग्राउंड के सामने बने आर्किटेक्ट अभिषेक कुमार के मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने घर खंगाल दिया। आरोप है कि चोरों ने जेवर और नकदी मिलाकर कुल एक करोड़ रुपये से अधिक के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय अभिषेक कुमार पूरे परिवार के साथ मुरादाबाद में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी अभिषेक कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ मुरादाबाद में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर बाहर से ताला लगा हुआ था। जब वह 30 दिसंबर यानि मंगलवार को देर शाम शादी से लौटकर वापस आए तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर गए तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। घर के ताले तोड़कर सेफ खंगाले गए थे। चोरों ने करीब एक करोड़ रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। परिवार के लोगों ने बताया कि घर के अंदर एक बाइक गिरी हुई थी। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों ने जल्दबाजी में वारदात को अंजाम दिया। घर में रखे दोनों सेफ के ताले टूटे हुए थे। ज्वेलरी के सभी बॉक्स खाली पड़े थे।

सूचना पर आला पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। कोतावली थाना प्रभारी सुरेश चंद गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## चोरों ने तसल्ली से दिया वारदात को अंजाम, नहीं लगी भनक

- **पुलिस आसपास के इलाकों की खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज**
- **आर्किटेक्ट के पिता हैं आरईएस के सेवानिवृत्त अधिकारी**

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित इस्लामिया ग्राउंड के सामने बने आर्किटेक्ट अभिषेक कुमार के मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने एक करोड़ के करीब चोरी की। आर्किटेक्ट अभिषेक के पिता गुलशन कुमार आरईएस से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। चोरों ने घर को पूरी तसल्ली से खंगाला और पूरा जेवर साफ कर दिया। आसपास के लोगों को वारदात की भनक तक नहीं लगी। पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

अभिषेक के पिता गुलशन कुमार ने बताया कि घर में उनकी पत्नी और दोनों बहुओं के कीमती जेवरात रखे हुए थे। चोर सभी जेवरात चुराकर ले गए हैं। प्रारंभिक आकलन में चोरी गए सामान की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। परिवार का कहना है कि वर्षों की जमा पूंजी एक ही रात में साफ हो गई। इलाके में सोमवार की रात में हुई इस चोरी की वारदात ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। इस्लामिया ग्राउंड के ठीक सामने स्थित मकान में चोरों ने जिस वक्त वारदात को अंजाम दिया, उस समय घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। परिवार के सभी सदस्य


टूटा पड़ा ताला। ● अमृत विचार

मुरादाबाद में शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। आसपास के लोगों को भी वारदात की भनक नहीं लग सकी।

आर्किटेक्ट अभिषेक का परिवार जब मुरादाबाद से वापस आया तब घटना की जानकारी हुई। परिवार ने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। इस चोरी की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वारदात पुलिस चौकी से महज कुछ दूरी पर हुई है। इसके बावजूद चोरों ने बेखौफ होकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि अगर चौकी के पास घर सुरक्षित नहीं हैं, तो बाकी इलाकों का क्या हाल होगा। सूचना मिलने पर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घर के अंदर से फिंगरप्रिंट और अन्य अहम साक्ष्य जुटाए हैं।

### सिटी ब्रीफ

#### युवती का फोटो लगाकर कर रहा बदनाम, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में एक युवती की फोटो एक युवक सोशल मीडिया पर लगाकर उसे बदनाम कर रहा है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक युवक ने बताया कि कटईया थाना नवाबगंज निवासी अजय ने उसकी बहन की फोटो एडिट कर अपने इंस्टाग्राम आईडी पर लगा रखी है, जिससे उसकी बहन की बड़ी बदनामी हो रही है। फोटो हटाने के लिए कहा गया तो अपनी डीपी पर भी लगा लिया।

#### कुतुबखाना रोड पर ट्रैफिक पुलिस भी चलाएगी अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम प्रयासरत है और लगातार जिला अस्पताल रोड पर प्रवर्तन टीम अभियान चला रही है। वहीं अब ट्रैफिक पुलिस भी निगम के साथ इस रोड पर व्यापक रूप से कार्रवाई करने की तैयारी में है। निगम के राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि यहां अवैध अतिक्रमण के साथ वाहनों का भी जमावड़ा रहता है।

## नए साल का जश्न मनाने जा रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत


कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बहेड़ी थाना क्षेत्र में मुड़िया टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** नए साल का जश्न मनाने नैनीताल जा रहे दो दोस्तों की बहेड़ी थाना क्षेत्र के मुड़िया टोल प्लाजा से पहले बुधवार दोपहर हाईवे पर बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बहेड़ी के मोहल्ला गोदाम निवासी मोहम्मद सैफ (20) और मोहम्मद महताब (23) के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार सामान्य थी और दोनों युवक हेलमेट पहने हुए थे, इसके बावजूद ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीधी टक्कर से दोनों की जान चली गई। टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद नैनीताल हाईवे पर कुछ देर के लिए वाहनों की रफ्तार थम गई। सूचना मिलते ही बहेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की खबर जैसे ही मोहल्ला गोदाम पहुंची, पूरे


मृतकों के फाइल फोटो।


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार वालों का कहना है कि दोनों युवक खुशी-खुशी नए साल का जश्न मनाने निकले थे, किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी यात्रा होगी।

## अश्लील इशारे करता है पड़ोसी, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में महिलाओं के सामने कपडे. उताकर पड़ोसी युवक अश्लील इशारे करता है। युवक की हरकत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गयी। युवक के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कैंट क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला मनोज मौर्य अक्सर घर के सामने आकर कपड़े उतार देता है और निर्वस्त्र होकर महिलाओं के सामने अश्लील इशारे करता है। 25 व 26 दिसंबर को मनोज ने ऐसी अश्लील हरकतें दोबारा की। उसकी हरकत घर पर लगे कैमरों में कैद हो गई है।

## बिजली विभाग ने बंद की मॉर्निंग रेड

**बरेली, अमृत विचार :** शहर से देहात तक में विजिलेंस टीम की मार्निंग रेड को इन दिनों बंद कर दिया गया है। विजिलेंस के प्रभारी और जेई को भी बिजली बिल राहत योजना में लगा दिया गया है। वे पहले से दर्ज चोरी के मुकदमे में लगाया गया जुर्माना उपभोक्ताओं को जमा करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। विजिलेंस की ग्रामीण व शहरी टीम के साथ एचआर टीम मार्निंग रेड कर बिजली चोरी पकड़कर कार्रवाई कर रही थी, लेकिन इन दिनों रेड बंद कर दी गई है।

## गैंगस्टर बनेगा 800 करोड़ रुपये के घोटाले का महाठग गुलाटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **गुलाटी के खिलाफ झारखंड व बिहार में भी दर्ज हैं ठगी के केस**
- **ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अदालत में सख्त पैरवी भी जारी**

**अमृत विचार :** लोगों को आशियाने का सपना दिखा कर और रकम दोगुना करने के नाम पर 800 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले महाठग कन्हैया लाल गुलाटी का करोड़ों का काला साम्राज्य अब बिखरने लगा है। बरेली से लेकर पीलीभीत, शाहजहांपुर और दूसरे प्रदेशों में गुलाटी पर अब तक 40 मुकदमे दर्ज किये जा चुके हैं। करीब 800 करोड़ के घोटाले पर डीआईजी अजय कुमार साहनी ने गुलाटी पर गैंगस्टर एक्ट लगाकर प्रापर्टी अटैच कर नीलाम करने और हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं।

बारादरी के शहदाना कॉलोनी निवासी कैनविज ग्रुप के सीईओ कन्हैया लाल गुलाटी के खिलाफ कुल 40 मुकदमे दर्ज हैं। बरेली में 33, शाहजहांपुर में 2, अयोध्या और कासगंज में 1-1, जबकि बिहार और झारखंड में 2 मामलों में उसका नाम सामने आया है। जांच में साफ हुआ कि डेढ़ साल में रकम दोगुनी करने और सुरक्षित निवेश के झांसे में फंसाकर उसने लोगों की जीवनभर की पूंजी हड़प ली। ठगी का दायरा आम निवेशकों तक सीमित नहीं रहा। डॉक्टर, व्यापारी और नेता भी गुलाटी की चकाचौंध, महंगे दफ्तर, लक्जरी गाड़ियां और आकर्षक छलावे वाली योजनाओं का शिकार हुए। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए पीड़ित रोज सामने आ रहे हैं।

डीआईजी के निर्देश पर ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अदालत में सख्त पैरवी की जा रही है ताकि आरोपी को जल्द कठोर सजा मिल सके। कन्हैया गुलाटी अकेला नहीं है। उसके ठगी नेटवर्क में शामिल मौ. यासीन और आशीष महाजन पर भी कई मुकदमे दर्ज हैं। आशीष महाजन के खिलाफ बारादरी और प्रेमनगर थानों में 10 मामले पहले से दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस इनके रोल की भी गहन जांच कर रही है। इनमें से कई ऐसे हैं। जिन्होंने मुखौटा नामों से प्रापर्टी जब्त कर ली है।

### एसएसपी के आदेश पर कन्हैया गुलाटी समेत नौ पर धोखाधड़ी की एक और रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र निवासी अस्पताल संचालक के साथ भी कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी और उसके परिवार समेत साथियों ने धोखाधड़ी की थी। एसएसपी के आदेश पर कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी राधिका गुलाटी, बेटा गोपाल गुलाटी, योगेंद्र गंगवार, यत्येंद्र गंगवार व चार अज्ञात के खिलाफ किला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। किला छावनी निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि वह वीआर गुप्ता अस्पताल के संचालक और प्रबन्धक हैं। आरोप है कि डेढ़ साल पूर्व आशुतोष सिटी निवासी योगेन्द्र गंगवार, यतेन्द्र गंगवार और चार अज्ञात आए। उन्होंने अपने को कैनविज कम्पनी में टॉप लीडर बताया और कम्पनी में इन्वेस्मेन्ट के आधार पर रुपये डबल कराने का झांसा दिए। कम्पनी में इन्वेस्ट करने से मना कर दिया गया। इस पर उन लोगों ने कहा कि कंपनी के चेयरमैन कन्हैया गुलाटी, गोपाल गुलाटी, राधिका गुलाटी हैं। रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से झांसे में लेकर उनसे करीब पांच लाख से अधिक रुपये ठग लिए। समय पूरा होने के बाद भी रुपये वापस नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नरियावल मंडी में लाइन काटी, हंगामे के बाद जोड़ी

- **जेई और एसडीओ की गैरमौजूदगी में लाइनमैन ने काटी लाइन तो किसानों ने किया हंगामा**

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने नरियावल उपमंडी में बिजली आपूर्ति की लाइन काट दी, जिससे क्रय केंद्र पर धान की तौल ठप हो गई। इस पर वहां मौजूद किसानों ने हंगामा किया और जनप्रतिनिधियों को सूचना दी। इसके बाद अधिकारियों ने करीब दो घंटे बाद फिर लाइन जुड़वा दी।

नरियावल उपमंडी में बुधवार सुबह आठ क्रय केंद्रों पर धान की तौल चल रही थी। कुछ किसानों का कई दिन लाइन में लगने के बाद नंबर आया तभी अचानक वहां बिजली विभाग का लाइनमैन कुछ लोगों के साथ पहुंचा और लाइन काटने के लिए पोल पर चढ़ गया। जिसका विरोध वहां मौजूद क्रय केंद्र प्रभारी और कर्मचारियों के साथ किसानों ने किया। उन्होंने लाइनमैन से लाइन काटने का कारण पूछा तो वह अभद्रता करने लगा। उससे जेई या एसडीओ के मौजूद होने की बात पूछी तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। लाइनमैन ने लाइन काटी और वहां से चला गया। किसानों के धान की तौल बंद हो गयी। इसपर क्रय के केंद्र पर धान लेकर पहुंचे सोनू, उमेश, दीपचंद समेत कई किसानों ने जमकर हंगामा काटा। इस मामले में 11 केवी के एसडीओ ने कहा कि लाइन उनके स्टाफ ने नहीं काटी है। वहीं कामर्शियल टू के एसडीओ रोहित सिंह ने भी कनेक्शन कटने की जानकारी नहीं होना बताई।

## नौ चौकी समेत बनेगा एक नया थाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अपराधियों पर लगाम कसने की पूरी तैयारी**
- **ग्रेटर बरेली समेत नौ चौकियों को शासन से मिली मंजूरी**

**अमृत विचार :** जिले में अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए ग्रेटर बरेली थान समेत नौ नई चौकियां बनाई जाएंगी। एसएसपी की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगा दी है। नए साल में नए थाना और चौकी की नींव रखकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि अपराधियों पर लगाम लगाने और अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए शासन को एक नया थाना और नौ पुलिस चौकी बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर शासन ने मुहर लगा दी है। नए साल में इन्हें बना कर तैयार कर दिया जाएगा। इसमें थाना मीरगंज क्षेत्र अन्तर्गत कपूरपुर, गौरा लोकनाथपुर, लभारी, थाना शाही में हल्दीकला, शेरगढ में कुडका नगरिया, फतेहगंज पूर्वी में चठिया, शिवपुरी रघौली, सिरौली में शिवपुर, इज्जतनगर में चावड़ पुलिस चौकी बनाई जाएंगी। इसके अलावा थाना बिथरीचैनपुर में नया थाना ग्रेटर बरेली बनाया जाएगा।

### पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई व सख्ती से हत्या और लूट के मामले 40 प्रतिशत घटे

जिले में अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई से बीते साल की अपेक्षा 2025 में हत्या, लूट और डकैती जैसे गंभीर अपराधों में करीब 40 प्रतिशत की कमी आई है। इतना ही नहीं गैंगस्टर एक्ट, हिस्ट्रीशीट खोलने और स्मैक तस्करों पर कार्रवाई में 67 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि लगातार कार्रवाई से अपराधियों की पूरी तरह से कमर टूट गई। दंगा कराने से लेकर हत्या करने वालों पर शिकंजा कसा गया। इतना ही नहीं बदमाशों की संपत्ति भी जब्त कराते हुए उन्हें आर्थिक चोट पहुंचाई गई। आंकड़ों की मानें तो 2024 में जिले भर में कुल हत्या 112 हुईं तो इस साल 72 हुईं। वहीं 2024 में लूट/छिनैती 172 हुई थीं जो इस साल 89, चोरी की घटनाएं 257 हुईं थीं और इस साल 178 हुईं। इसी क्रम में वाहन चोरी 2024 में 799 और 2025 में 580 हुईं। हत्या के प्रयास के मामले पिछले साल 135 हुए थे जो इस साल 95 रहे। 2024 में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 165 पर कार्रवाई हुई तो 2025 में 276 पर कार्रवाई की गई। गैंगस्टर एक्ट में 2024 में 12 तो 2025 में 24 पर की गई।

## राजनारायण का संघर्ष आज के दौर में मार्गदर्शक : शिवचरन


सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सपा के जिला कार्यालय पर लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि मनाई गई**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि मनाई गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राजनारायन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तानाशाही और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि लोकबंधु राजनारायन ने सत्ता के दमन तानाशाही और लोकतंत्र के गला घोंटने वाली नीतियों के खिलाफ ऐतिहासिक संघर्ष किया। उन्होंने यह साबित किया कि जब सत्ता निरंकुश होती है, तब जनआंदोलन ही लोकतंत्र की रक्षा करते हैं। आज देश में जिस तरह सवाल पूछने वालों को दबाया जा रहा है, ऐसे समय में राजनारायन के विचार और संघर्ष और भी प्रासंगिक हो गए हैं।

जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि राजनारायन ने आम जनता, किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों को राजनीतिक ताकत देने का काम किया। सपा उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए आज भी अन्याय और भेदभाव के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। आंम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर ने कहा संविधान, सामाजिक और समानता की रक्षा के लिए लोकबंधु राजनारायनका संघर्ष सत्ता के अहंकार को आईना दिखाने वाला था। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, मो. मुस्ताक अहमद, बृजेश श्रीवास्तव, जितेंद्र मुंडे, राम सेवक प्रजापति, राम नाथ पटेल, हरविंद्र पटेल, संजीव कश्यप, गंगा सिंह यादव, राजू पटेल, विक्रम कश्यप आदि मौजूद रहे।

## जमीन की पैमाइश करने पहुंची टीम को दबंगों ने दौड़ाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बिलवा में बरातघर के लिए प्रस्तावित 6020 वर्ग फुट जमीन का मामला**
- **एसडीएम के निर्देश पर गई थी राजस्व और पंचायती राज विभाग की टीम**

**अमृत विचार :** बिलवा में सरकारी जमीन की पैमाइश कराने गई राजस्व और पंचायती राज विभाग की टीम को दबंगों ने दौड़ा दिया। घटना के बाद लेखपाल ने तहसील पहुंचकर एसडीएम प्रमोद कुमार को पूरी जानकारी दी। एसडीएम ने नायब तहसीलदार विदित कुमार को टीम के साथ गुरुवार को जमीन की नापजोख कराने के निर्देश दिए। साथ ही भोजीपुर एसओ को आरोपियों के खिलाफ कड़ी और सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।

जानकारी के मुताबिक दो साल पहले भूमि प्रबंध समिति ने 6020 वर्ग फुट जगह चिह्नित कर बरातघर का प्रस्ताव दिया था। इस भूमि पर पंचायती राज विभाग को तीन करोड़ रुपये से बरातघर का निर्माण कराना है। एसडीएम सदर के निर्देश पर बुधवार को राजस्व विभाग से लेखपाल उर्वशी, पंचायती राज विभाग के सचिव रवि प्रभाकर, कंसल्टेंट इंजीनियर अतर सिंह, संजय, रोहित जमीन की नापजोख


टीम से कहासुनी के दौरान जमा हुई भीड़। ● अमृत विचार

करने पहुंचे तो दबंगों ने घेर लिया। कहासुनी के बाद मारपीट की नौबत तक आ गई। टीम ने सरकारी काम में बाधा डालने वालों को चेतावनी दी, लेकिन दंबग उलझते रहे और टीम को दौड़ा लिया। लेखपाल ने तुरंत तहसील पहुंचकर एसडीएम प्रमोद कुमार को घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नापजोख के दौरान अचानक कई लोग पहुंच गए और जमीन का नापजोख करने में बाधा डालते हुए टीम के सदस्यों से उलझ गए। मारपीट तक की नौबत आ गई। इसी दौरान पंचायत राज विभाग के सचिव ने भी डीपीआरओ कमल किशोर को विकास भवन पहुंचकर घटनाक्रम विस्तार से बताई। टीम के सदस्यों ने अपनी शिकायत में कहा कि दबंगों के इस रवैये से सरकारी काम की प्रक्रिया ठप हो सकती थी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि नायब तहसीलदार विदित कुमार को गुरुवार को टीम के साथ जमीन की नापजोख कराने के निर्देश दिए हैं। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश भी भोजीपुरा एसओ को दिया गया है। ग्रामीणों का चेतावनी दी कि जमीन नापजोख और सरकारी काम में किसी भी तरह की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों की अंतिम सूची जारी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया है। बरेली की नौ विधानसभा सीटों में कुल 1940 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 3835 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। इनमें विधानसभा बहेड़ी में 285 मतदान केंद्रों पर 442 मतदेय स्थल, मीरगंज में 238 केंद्रों पर 444, भोजीपुरा में 259 पर 463, नवाबगंज में 240 पर 392, फरीदपुर में 241 पर 410, बिथरी चैनपुर में 263 पर 465, बरेली में 108 पर 456 स्थल, बरेली कैंट में 96 पर 384 स्थल और आंवला में 210 मतदान केंद्रों पर 379 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंतिम सूची संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों, तहसीलों, जिला निर्वाचन कार्यालय और जनपद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है, जिससे मतदाताओं को मतदान से पूर्व अपने मतदेय स्थल की जानकारी आसानी से मिल सके।

### सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस के त्वरित निस्तारण पर जोर

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की प्रगति बिंदुवार जांची। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग को जननी सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरण शीघ्र निपटाने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती में पूर्ण पारदर्शिता और सभी विभागों से डाटा नियमित अद्यतन रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया और कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता जिले की रैंकिंग प्रभावित न करे। डीडीओ दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, बीएसए डॉ. विनीता, डीसी एनआरएलएम योगेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

# तोहफा : सिटी बसों का किराया आज से आधा तक हुआ कम

## बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की बोर्ड बैठक में मंडलायुक्त ने किराया कम करने की दी मंजूरी, रूट सर्वे और यात्रियों की प्रतिक्रिया के बाद लिया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कंट्रोल कमांड सेंटर से बसों की लोकेशन देखतीं प्रबंधक मनीषा दीक्षित।

- अब ऑटो और ई-रिक्शा से भी कम किया गया सिटी बसों का किराया

| किलोमीटर | पहले | अब किराया |
|---|---|---|
| 0-3 | 12 | 5 |
| 3-6 | 20 | 10 |
| 6-10 | 25 | 15 |
| 10-14 | 30 | 20 |
| 14-19 | 35 | 25 |
| 19-24 | 40 | 30 |
| 24-30 | 45 | 35 |
| 30-36 | 50 | 40 |

**अमृत विचार :** नये वर्ष में शहरवासियों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। एक जनवरी से यात्रियों से सिटी बसों में भी ऑटो और ई-रिक्शा के बराबर किराया लिया जाएगा। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की बोर्ड बैठक में बसों के किराये में कमी को औपचारिक मंजूरी दे दी गई। अधिकारियों के अनुसार, पहले बसों का किराया अधिक होने के कारण लोग ऑटो और ई-रिक्शा का अधिक उपयोग कर रहे थे। जिस कारण ई-बसों में यात्रियों की संख्या कम रह गई थी और संचालन खर्चा पूरा करना चुनौतीपूर्ण बन गया था। अब यात्रियों से सिटी बसों में भी ऑटो और ई-रिक्शा के बराबर किराया लेने से सवारियों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

शहर में वर्तमान में 25 इलेक्ट्रिक सिटी बसें चल रही हैं। सिटी बसों के मुकाबले ऑटो और ई-रिक्शा के कम किराये के कारण पर्याप्त सवारियां नहीं मिल रही थीं। इस समस्या को समझने के लिए बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के अधिकारियों ने दो महीने पहले व्यापक रूट सर्वे कराया। इस सर्वे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक चौधरी और सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसिज लिमिटेड की प्रबंधक संचालन मैनेजर मनीषा दीक्षित के नेतृत्व में 32 अधिकारियों और कर्मचारियों ने पिकिंग प्वाइंट, रूट और यात्रियों की संख्या का अध्ययन किया। सर्वे में यह सामने आया था कि छोटी दूरी के लिए बस का किराया 12-20 रुपये था, जबकि ऑटो और ई-रिक्शा में वही दूरी 5-10 रुपये में पूरी हो जाती थी। इस अंतर के कारण ई-बसों में यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत कम थी। सर्वे के आधार पर बोर्ड ने बुधवार को प्रस्ताव पर सहमति दी और बसों का किराया संशोधित कर दिया गया।

नवीनतम किराया न्यूनतम 5 से अधिकतम 40 रुपये तक किया गया। अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से विशेष रूप से रोजाना यात्रा करने वाले विद्यार्थी, कर्मचारी और अन्य नियमित यात्री लाभान्वित होंगे।

मैनेजर मनीषा दीक्षित का दावा है कि नए साल में इस कदम से निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी और शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगा। इसके अलावा, आने वाले महीनों में यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। कहा कि ई-बसें बरेली के सार्वजनिक परिवहन का मुख्य स्तंभ बनेंगी। यह कदम सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और यात्रियों के लिए यात्रा को किफायती और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। बैठक में बीडीए वीसी मणिकन्डन ए. नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान आदि मौजूद रहे।

### नए साल पर तीन ट्रेनें एलएचबी रैक के साथ चलेंगी

- बरेली-वाराणसी, बरेली-इंदौर और बरेली लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को मिली रैक

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली से संचालित तीन ट्रेनों में 1 जनवरी से एलएचबी रैक लगाई जाएगी, इससे यात्रियों को आरामदायक सफर मिलेगा। 14235-36 वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस में एलएचबी रैक लगाई जाएगी। ट्रेन बरेली जंक्शन से शाम 4:35 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह सात बजे वाराणसी पहुंचती है। 1 जनवरी से लागू होने वाली समय सारिणी में ट्रेन के समय में आंशिक बदलाव किया गया है। इसके अलावा 14314-13 बरेली-लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई एक्सप्रेस और लंबी दूरी की 14320-19 बरेली-इंदौर एक्सप्रेस को भी एलएचबी रैक मिल गई है। बरेली-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस का 14 जनवरी और बरेली-इंदौर एक्सप्रेस का 18 फरवरी से एलएचबी रैक के साथ संचालन होगा। इसके अलावा रेलवे की नई समय सारिणी 1 जनवरी से लागू हो जाएगी। इसमें चार पैसेंजर ट्रेनों को विस्तार दिया गया है। 26504-03 गोमती नगर-सहारनपुर-गोमती नगर वंदे भारत और 15567-68 बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस की समय सारिणी में भी आंशिक बदलाव किया गया है। 62 गाड़ियों की औसत स्पीड को 20 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाया गया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 15092-15091 टनकपुर-दौराई, 15135-36 छपरा-अमृतसर छपरा एक्सप्रेस की गति को भी बढ़ाया गया है। 5530-08 कासगंज-काशीपुर पैसेंजर को रामनगर और 55320-19 पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर को बरेली जंक्शन तक विस्तार दिया गया है।

### ट्रेनें लेट होने से परेशान होते रहे यात्री

कोहरे में ट्रेनों के लेट होने का क्रम लगातार जारी है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली पांच ट्रेनें कोहरे के चलते निरस्त रहीं। इसके अलावा 13307 गंगा सतलुज आधा घंटा, 15210 जनता एक्सप्रेस, 15006 आगरा फोर्ट, 22356 पाटलीपुत्र सुपरफास्ट समेत अन्य ट्रेनें लेट होने से यात्री परेशान हुए।

# लाइसेंस एक्सपायर फिर भी बेच रहे थे मांस, दुकान सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली


दुकान सील करती टीम।

- थाने की शिकायत पर एफएसडीए की टीम ने दुकान पर की छापेमारी
- नववर्ष को लेकर विभाग अलर्ट कई होटलों में भी व्यवस्था का लिया जायजा

**अमृत विचार :** नववर्ष को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग (एफएसडीए) भी अलर्ट हो गया है। बुधवार को सुभाष नगर थाने की सूचना पर एफएसडीए की टीम ने बदायूं रोड पर संचालित मांस की दुकान पर छापामारी की। जांच में सामने आया कि संचालक का खाद्य लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था, मगर इसके बाद भी मांस की बिक्री की जा रही थी। इसपर टीम ने दुकान को सील कर दिया। अन्य टीमों ने शहर के कई होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सुभाष नगर के बदायूं रोड चुंगी स्थित सनी चिकन एंड मटन शॉप पर चेकिंग की। संचालक का खाद्य लाइसेंस एक्सपायर मिला। नियमानुसार दुकान को सील कर दिया गया। अन्य टीमों को पटेल चौक स्थित जुबिलियन फूड प्रा. लि. (डोमीनोज), स्टेशन रोड पर हिंदू शुद्ध भोजनालय, सेटेलाइट बस स्टेशन स्थित वाजपेयी रेस्टोरेंट, कैंटीन, सेटेलाइट होटल, ग्रीन डोर रेस्टोरेंट समेत डीडी पुरम इलाके के कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य व साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए गए।

### पीओएस से होगा खाद वितरण

**बरेली, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी के अनुसार बुधवार को निदेशक कृषि की अध्यक्षता में लखनऊ में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण, ओवररेटिंग और टैगिंग को लेकर समीक्षा बैठक की गई। जिसमें किसानों को जोत बही और कृषित भूमि के आधार पर ही पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरकों का वितरण करने, कालाबाजारी और ओवररेटिंग रोकने को लेकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इस संबंध में उर्वरक विक्रेताओं को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवररेटिंग या अनियमित वितरण की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

# बिना नक्शा पास कराए बना लिया 3 मंजिला भवन, बीडीए ने किया सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मॉडल टाउन में तीन मंजिला भवन सील करती बीडीए की टीम।

- मॉडल टाउन रोड पर लंबे समय से संचालित हो रहा था व्यवसायिक भवन

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) के तमाम प्रयासों के बाद भी शहर में बिना नक्शा पास कराए लोग बहुमंजिला भवनों का निर्माण कर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। बुधवार को बीडीए की टीम ने मॉडल टाउन में ऐसे ही एक भवन को सील कर दिया।

बीडीए के सहायक अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि मॉडल टाउन निवासी जगन्नाथ मिश्रा की ओर से स्टेडियम रोड पर प्लाट नंबर 10 ए पर बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के लगभग 250 वर्ग मीटर में भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल पर व्यवसायिक भवन का निर्माण कराया गया। जिस पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी।

# नए साल में धरातल पर होगी नई टाउनशिप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आवास विकास परिषद सात गांवों की लेगा 522 हेक्टेयर जमीन
- लैंड पूलिंग के तहत ली जाएगी किसानों से जमीन, पैमाइश शुरू

**अमृत विचार :** ये खबर बरेलियंस के लिए राहत भरी है। आवास विकास परिषद की नई टाउनशिप जल्द धरातल पर होगी। इसका खाका परिषद ने तैयार कर लिया है। नए साल पर परिषद लोगों को आवासीय योजना की सौगात देने जा रहा है। लैंड पूलिंग स्कीम के तहत जिन किसानों से भूमि अधिग्रहण की गई है इसकी पैमाइश भी आरंभ दी गई है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, आवास विकास परिषद बीते करीब 14 साल से इस टाउनशिप को विकसित करने की योजना बना रहा है, लेकिन अब अमलीजामा पहनाने के लिए कवायद आरंभ हो गई है। परिषद 522 हेक्टेयर भूमि पर इस आवासीय योजना का विकास कर रही है। इस योजना में ट्यूलिया, धंतिया के अलावा हमीपुर, मिलक इमामगंज, फरीदपुर रामचरण और बल्लिया गांव के किसानों की भूमि भी ली जाएगी। चार सेक्टरों में काम शुरू हो चुका है। अधिकारियों ने सड़क निर्माण के लिए जमीन पर निशान लगाए हैं।

> टाउनशिप विकसित करने का कार्य आरंभ है। सड़क निर्माण के लिए पैमाइश चल रही है। जल्द ही सड़क और नाली का निर्माण भी शुरू होगा। आपत्तियों के निस्तारण के लिए नोटिस भेजे गए हैं। शिविर आयोजित कर जल्द आपत्तियों का निस्तारण कराया जाएगा।
> – **राजेंद्रनाथ**, अधिशासी अभियंता, आवास विकास परिषद

लैंड पूलिंग मॉडल के तहत भूमि देने वाले किसानों को बदले में प्लॉट दिए जाएंगे। खसरा मिलान में मिली आपत्तियों के निस्तारण के लिए आवास विकास परिषद ने समिति का गठन किया है। इन आपत्तियों को सुलझाने के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। परिषद ने संबंधित किसानों को नोटिस भेजकर शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# घंटों ठप रही साइट, उपभोक्ताओं को मिला समय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली बिल राहत योजना के पहले चरण के अंतिम दिन वेबसाइट ने दिया धोखा
- रात 10 बजे तक मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में लगी रही उपभोक्ताओं की लाइन

**अमृत विचार :** बिजली बिल राहत योजना के पहले चरण के अंतिम दिन बुधवार को विभागीय साइट के सर्वर ने परेशान किया। पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को देर रात 10 बजे कार्यालयों में बिल जमा करने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा, हालांकि शाम के बाद तिथि तीन दिन आगे बढ़ा दी गई।

बकाया बिजली बिल और बिजली चोरी पर लगे जुर्माने को माफ करने के लिए विभाग की ओर से बिजली बिल राहत योजना तीन चरणों में शुरू की गई थी। पहला चरण 1 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक का था। बुधवार को पहला चरण का अंतिम दिन था। ऐसे में सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में अधिशासी अभियंता प्रथम और द्वितीय के कार्यालय के अलावा रामपुर गार्डन स्थित शहरी क्षेत्र में कामर्शियल टू कार्यालय में उपभोक्ताओं की लंबी लाइन योजना का लाभ लेने के लिए लगी रही। विभाग की वेबसाइट का सर्वर नहीं चलने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घंटे लाइन में लगना पड़ा।



बिजली कार्यालय में बिल जमा करने के लिए लगी उपभोक्ताओं की लाइन। ● अमृत विचार

### 3 जनवरी तक बढ़ाया योजना का पहला चरण

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली बिल राहत योजना का प्रथम चरण तीन दिन बढ़ा दिया गया है। अब पहले चरण में उपभोक्ता 3 जनवरी तक योजना का लाभ ले सकेंगे। पावर कारपोरेशन के वाणिज्य निदेशक प्रशांत वर्मा ने बुधवार रात आदेश जारी किया कि बिजली बिल राहत योजना का पहला चरण 1 से 31 दिसंबर तक का था लेकिन उसे अब 3 जनवरी तक कर दिया गया है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि नया आदेश मिलने के बाद अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

### साल के अंतिम दिन भी बिजली कटौती से लोग हुए परेशान

- जगतपुर में आधी रात से सुबह तक बनी रही दिक्कत
- अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की रही समस्या

**बरेली, अमृत विचार :** साल के अंतिम दिन भी शहर के लोगों को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल सकी। मंगलवार रात और बुधवार को दिन में भी कई इलाकों में बिजली कटौती होती रही। जगतपुर में आधी रात से सुबह तक बिजली का संकट बना रहा। वहीं शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। जगतपुर सबस्टेशन पर मंगलवार को आधी रात बिजली गुल हो गई, जिसके चलते सेटेलाइट, आजादनगर, कटरा चांद खां, नवादा शेखान, राजनगर समेत कई इलाकों में दिक्कत हुई। बुधवार सुबह 8 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। इसके अलावा सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या बनी रही। वहीं कुतुबखाना सबस्टेशन के बिहारीपुर में वोल्टेज कम और अधिक होता रहा। रामपुर गार्डन से जुड़े इलाकों में भी उपभोक्ता लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से परेशान होते रहे। शाहदाना, कोहाड़ापीर, डेलापीर, सुभाषनगर जगतपुर आदि क्षेत्र में भी बिजली संकट बना रहा। इसके अलावा सदर कैंट सबस्टेशन के बीआई बाजार, वीरांगना चौक, महानगर सबस्टेशन के शहीद भगत सिंह, महानगर, आकांक्षा एन्क्लेव, छोटी विहार में काम होने के चलते बुधवार सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक का शटडाउन रहा।

# बीते साल के जाते-जाते ठंड से कांपे लोग, नए साल में भी राहत नहीं


हल्की धूप खिलने पर गांधी उद्यान में मस्ती करने पहुंचे बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रदेश में पांचवे नंबर पर रहा बरेली का न्यूनतम तापमान
- कोहरे की वजह से दृश्यता 30 मीटर पर पहुंची

**अमृत विचार :** लोगों को साल 2025 के अंतिम दिन भी ठंड से राहत नहीं मिली। न्यूनतम तापमान 24 घंटे में 4 डिग्री सेल्सियस से अधिक गिरने से रात काफी ठंडी रही। वहीं दिन में हल्की धूप खिलने के बाद भी राहत नहीं मिली। नए साल 2026 में भी ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। इसके बाद 6 जनवरी तक कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश में कानपुर, बाराबंकी, शाहजहांपुर और चुर्क के बाद हरदोई के साथ बरेली का न्यूनतम तापमान सबसे कम 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 24 घंटे में 3.8 डिग्री सेल्सियस गिर गया। यह सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं दिन में हल्की धूप खिलने से अधिकतम तापमान में कुछ बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह के समय कोहरा छाया रहा। दृश्यता कम होने से सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि दोपहर के समय हल्की धूप निकलने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली। मौसम विभाग के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार के अनुसार आगामी दिनों में ठंड का असर और अधिक बढ़ेगा। अगले एक सप्ताह तक बरेली और आसपास के क्षेत्रों में घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।


कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए लकड़ियों का इंतजाम करके ले जातीं महिलाएं।

## सुस्त रवैया

### प्रदेश में टॉप-5 में आया बरेली, उद्योग विभाग का दावा - बैंक साथ देते तो नंबर वन पर होता बरेली

# सीएम युवा उद्यमी योजना : बरेली की रफ्तार पर बैंकों का ब्रेक

महिपाल गंगवार, बरेली



सीएम युवा उद्यमी योजना की बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- बरेली से आगे निकले आजमगढ़ जौनपुर, कानपुर और हरदोई जनपद
- बैंकों ने प्रस्तावों पर नहीं किया गौर, डीएम के निर्देश भी साबित हुए बेअसर

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सीएम युवा उद्यमी योजना में बरेली जनपद को भले ही प्रदेश में पांचवां स्थान मिला है। उद्योग विभाग इस उपलब्धि के बाद भी बैंकों के रवैये से नाखुश है। उद्योग विभाग का दावा है यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत से आई है, क्योंकि विभाग ने तय लक्ष्य से दोगुने से ज्यादा आवेदन जुटाए, मगर बैंकों ने इस मेहनत पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रदेश में बरेली शीर्ष स्थान पर होने की उम्मीद जताई जा रही थी। सबसे ज्यादा नाराजगी बैंकों की कार्यशैली को लेकर है। आरोप है कि बैंक न तो समय पर फाइलें निपटाते हैं और न ही बैठकों में दिए निर्देशों को गंभीरता से लेते हैं।

उद्योग विभाग को सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत 2707 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष बरेली में 5640 आवेदन आए। विभागीय अमले ने रात-दिन एक कर 5023 आवेदनों को बैंकों तक भेजा, मगर स्वीकृति मिली सिर्फ 1960 मामलों में। यानि आधे से भी कम। विभागीय अफसर कहते हैं कि योजना की सबसे बड़ी बाधा बैंकिंग सिस्टम बना हुआ है। बैंकों की ढिलाई न होती तो बरेली प्रदेश में अव्वल होता।

प्रदेश की टॉप फाइव जिलों की सूची में आजमगढ़, जौनपुर, कानपुर और हरदोई बरेली से आगे हैं। बरेली पांचवें नंबर पर है। बताया जा रहा है कि यह रैंकिंग भी इसलिए बची रही क्योंकि उद्योग विभाग लगातार फॉलोअप कर बैंकों पर दबाव बनाता रहा। इसके लिए विभाग की ओर से शिविर, कैंप और बैंक वालों के साथ समीक्षा बैठकें भी की, मगर जब फाइलें बैंक काउंटर पर पहुंची तो वहीं अटक गई।

**आंकड़े एक नजर में**

| | |
|---|---|
| लक्ष्य | 2707 |
| प्राप्त आवेदन | 5640 |
| बैंकों को भेजे गए आवेदन | 5023 |
| स्वीकृत | 1960 |

> हमने बरेली में 5023 आवेदन बैंकों तक पहुंचाए, लेकिन स्वीकृति सिर्फ 1960 मिली। अधिकांश बैंक समय पर कार्रवाई नहीं कर रहे, जबकि कई बैंकों का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। विभाग लगातार फॉलोअप कर रहा है, शिविर और समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। अगर बैंक पूरी गंभीरता से सहयोग दें तो बरेली प्रदेश में अव्वल हो सकता है।
> –**विकास यादव**, उपायुक्त उद्योग

### इन बैंकों की स्थिति सबसे अधिक खराब

पिछले महीने डीएम अविनाश सिंह ने निजी बैंकों की खराब प्रगति पर नाराजगी जाहिर की थी। सख्त निर्देश दिए थे कि फाइलों को लंबित न रखें। इसके बावजूद पंजाब एंड सिंध बैंक में 40 के सापेक्ष एक फाइल ही स्वीकृत की। इसी तरह यूको बैंक के पास 34 फाइलें धूल फांक रही हैं। सिर्फ एक ही फाइल लोन के लिए स्वीकृत की है। नैनीताल बैंक ने 30 के सापेक्ष एक, इंडियन बैंक ने 45 के सापेक्ष तीन, इंडियन ओवरसीज बैंक ने 20 के सापेक्ष चार, कैनरा बैंक ने 60 के सापेक्ष पांच फाइल की पास की।

## सिटी ब्रीफ

### एकल और शिक्षक विहीन स्कूलों में की शिक्षकों की तैनाती

**बरेली, अमृत विचार :** यू-डायस पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर जिले में शिक्षक व्यवस्था को संतुलित करने के लिए व्यापक समायोजन किया गया है। बीएसए डॉ. विनीता सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के 32 प्राथमिक विद्यालय एकल पाए गए थे, जबकि मानक से अधिक तैनात 191 सहायक अध्यापकों को सरप्लस के रूप में चिह्नित किया था। जनपद स्तरीय समिति की स्वीकृति के बाद वरिष्ठता के आधार पर 32 सहायक अध्यापकों का समायोजन एकल प्राथमिक विद्यालयों में किया गया। इसी तरह उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 9 विद्यालय शिक्षक विहीन और 32 एकल पाए गए थे। यू-डायस के आंकड़ों के अनुसार 124 सहायक अध्यापक सरप्लस थे, जिनमें से विषयवार और वरिष्ठता के आधार पर 50 शिक्षकों का समायोजन शिक्षक विहीन और एकल उच्च प्राथमिक विद्यालयों में किया गया।

### रुविवि का शीतकालीन अवकाश बढ़ा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शीतकालीन अवकाश को कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर 5 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। इससे पहले 25 से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश घोषित हुआ था। कुलसचिव हरीश चंद ने आदेश जारी किया कि सिर्फ शिक्षकों के लिए शीतकालीन अवकाश बढ़ाया गया है। इस दौरान विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संचालित होती रहेंगी।

# जीएसटी ट्रिब्यूनल के शुल्क को लेकर व्यापारियों ने भरी हुंकार

## भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एडिशनल कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बुधवार को जीएसटी काउंसिल के अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 आशीष निरंजन को सौंपा। जीएसटी ट्रिब्यूनल में अपील दाखिल करने के लिए निर्धारित अत्यधिक शुल्क को लेकर गहरी चिंता जताई।

इस दौरान अनिल अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी ट्रिब्यूनल में अपील दाखिल करने के लिए निर्धारित 5000 से 25000 रुपये तक की कोर्ट फीस ली जाती है। इसको समाप्त करने या फिर युक्ति संगत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद बीते 8 वर्षों में देश भर से अपील से जुड़े प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं, जिसके चलते व्यापार और उद्योग प्रभावित हो रहे हैं।

इन सभी प्रकरणों का निस्तारण जीएसटी ट्रिब्यूनल के माध्यम से किया जाना है। हाल ही में ट्रिब्यूनल में अपील दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हुई है लेकिन अत्यधिक शुल्क निर्धारण में व्यापारियों में निराशा और आक्रोश पैदा कर दिया है। उन्होंने जीएसटी काउंसिल से आग्रह किया कि छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी ट्रिब्यूनल के शुल्क व्यवस्था को सरल, सस्ती और न्याय संगत बनाया जाए ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निर्धारण हो सके। महानगर अध्यक्ष कुमार गौरव शर्मा, महानगर महामंत्री विजय प्रताप सिंह, पारस अग्रवाल मोहम्मद आलम, पंकज अग्रवाल, दाऊ दयाल अग्रवाल, हरजीत सिंह, परविंदर पाल सिंह, संजय सिंह, असीम जौहरी, अंकित सक्सेना, आयुष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### ट्रिब्यूनल की शुल्क संरचना में सुधार की मांग उठाई, दिया ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को जीएसटी काउंसिल को संबोधित ज्ञापन एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 आशीष निरंजन को सौंपा। इस दौरान जीएसटी ट्रिब्यूनल की शुल्क संरचना में सुधार की मांग की गई। महानगर अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि जीएसटी ट्रिब्यूनल में अपील दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, लेकिन अत्यंत चिंता है अपील करने के लिए अत्यधिक शुल्क निर्धारित किए गए हैं। अपील के दौरान प्रत्येक बार प्रार्थना पत्र देने पर 5,000 रुपये शुल्क लिया जाएगा। अभिलेख देखने के लिए भी 6,000 रुपये शुल्क निर्धारित है। यह शुल्क संरचना न केवल अत्यधिक है, बल्कि व्यापारियों एवं उद्यमियों पर अनावश्यक आर्थिक भार भी डालती है। मंडल महामंत्री आशु अग्रवाल, जिलाध्यक्ष राजकुमार राजपूत, अनिल पाटिल, अमित मिश्रा, राजीव अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, राहुल रस्तोगी, रजत अग्रवाल, रोहित भसीन, विशाल सिंह, राजेंद्र राजपूत, कन्हैया राजपूत, भगवान स्वरूप अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**बरेली, अमृत विचार:** नवाबगंज के अधकटा नजराना में बने अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 से 31 जनवरी तक होंगे। इसमें उत्तर प्रदेश भवन और अन्य कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे और कोविड काल में राज्याश्रित बच्चे (महिला कल्याण विभाग लखनऊ से प्राप्त सूची के आधार पर) मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लिए पात्र बच्चे प्रवेश ले सकेंगे।

- कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 तक होंगे

इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी रामअवतार शर्मा ने बताया कि चयन परीक्षा के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर कक्षा 6 में अधिकतम 160 और कक्षा 9 में 67 उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाना है। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए मंडल के पात्र इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट (UPBOCW.IN) या अटल आवासीय विद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा ऑफलाइन विभाग में कार्यदिवस के दौरान सुबह 10 से शाम 5 बजे तक श्रम विभाग कार्यालय में जमा किए जाएंगे।

## प्लेटफार्म और गिग वर्कर्स की मांगों को उठाया, किया प्रदर्शन




एसीएम को ज्ञापन देते उत्तर प्रदेश मार्केट वर्कर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्लेटफार्म एवं गिग वर्कर्स की देशव्यापी हड़ताल को जिले में मिला समर्थन
- यूपी मार्केट वर्कर्स एसोसिएशन ने श्रम मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा

**अमृत विचार :** प्लेटफार्म एवं गिग वर्कर्स की देशव्यापी एक दिवसीय हड़ताल के समर्थन में उत्तर प्रदेश मार्केट वर्कर्स एसोसिएशन ने बुधवार को प्रदर्शन कर केंद्रीय श्रम मंत्री को संबोधित दस सूत्री ज्ञापन कलेक्ट्रेट में अपर सिटी मजिस्ट्रेट गुलाब चंद को सौंपा।

ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि देश में तेजी से फैलती डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ प्लेटफार्म और गिग वर्कर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इन वर्कर्स की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। लाखों वर्कर्स बेहद कम आय, असुरक्षित परिस्थितियों और अत्यधिक दबाव में काम करने को मजबूर हैं। कंपनियां इन्हें मजदूर के बजाय पार्टनर बताकर श्रम कानूनों से बाहर कर देती हैं, जिससे इन्हें बोनस, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, पेंशन और अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। अध्यक्ष मोहित ने कहा कि अपनी कार्य परिस्थितियों में सुधार, सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर प्लेटफार्म और गिग वर्कर्स आज देशभर में हड़ताल पर हैं, जिसका उत्तर प्रदेश मार्केट वर्कर्स एसोसिएशन समर्थन करता है। कहा कि दस मिनट डिलीवरी जैसे असुरक्षित और जानलेवा अल्ट्रा फास्ट डिलीवरी मॉडल को तुरंत बंद किया जाए। सभी गिग वर्कर्स को प्रति किलोमीटर न्यूनतम 20 रुपये का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। 24 हजार रुपये न्यूनतम मासिक आय की गारंटी, मनमानी पहचान अवरोधन, दंडात्मक रेटिंग और एल्गोरिदम आधारित जुर्माने पर रोक लगाई जाए। मोहित देवल ने बताया कि प्लेटफार्म वर्कर्स को कानूनी रूप से पार्टनर नहीं बल्कि वर्कर का दर्जा दिया जाए। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। उमेश कुमार, अरविंद शुक्ला, अभिषेक, नंदकिशोर, कैलाश, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं



प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में भाग लिया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव में भजनों की बही बयार
- श्री परिवार की ओर से ग्रीन पार्क में हुआ आयोजन



महोत्सव में भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर श्री परिवार की ओर से ग्रीन पार्क में आयोजित चार दिवसीय श्री प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी महोत्सव बुधवार को संपन्न हो गया।

महोत्सव का शुभारंभ पंडित त्रिलोकी नाथ ने यजमानों के साथ गणेश पूजन से किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. शशि बाला राठी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रमुख आकर्षण बाल वक्तृत्व प्रतियोगिता मेरे मन के राम रही। जिसमें व्योम बैज प्रथम, अनिका दीक्षित और कृष्टि संयुक्त रूप से द्वितीय व एकाग्र शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में मृदुला त्रिवेदी, अर्चना सिंह एवं राजेंद्र मिश्रा रहे। ध्रुविका शुक्ला ने सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं..., भजन गाकर समा बांध दिया। साधना मोदी, अमिता, रचना, सुधा एवं निशि पुठिया ने सजाओ घर को दुल्हन सा विषय पर नाट्य की प्रस्तुति दी। शास्त्रीय संगीतज्ञ डॉ. हितु मिश्रा ने सुरमयी राम अवधी और मैथिली भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम बनने तक की कथा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। यज्ञ का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संचालन अशोक पुठिया ने किया। संयोजक अतुल खंडेलवाल, डॉ. अमरेश, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. रुचिन अग्रवाल, अनुराग, रवि शरण, विवेक अग्रवाल, अजय शर्मा, सुबोध अग्रवाल, अशोक शर्मा, मनोज शर्मा, सूर्यकांत, सौरभ, अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पशुपालन एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार



विद्यार्थियों को शपथ दिलाते निदेशक त्रिवेणी दत्त। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईवीआरआई में बीवीएससी एवं एएच बैच के शपथ ग्रहण समारोह में बोले डॉ. अजीत

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में मंगलवार को बीवीएससी एवं एएच (बैच 2020) के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के कृषि शिक्षा विभाग के सहायक महानिदेशक डॉ. अजीत सिंह यादव ने कहा कि पशुपालन एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि पशुपालन क्षेत्र कृषि सकल मूल्य में लगभग 31 प्रतिशत और राष्ट्रीय सकल मूल्य में लगभग 5.5 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत के विश्व में दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर होने में पशु चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ऐसे में पशु चिकित्सकों को आधुनिक तकनीकों, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन और सटीक निदान प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक एवं कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि आईवीआरआई को वर्ष 2015 से बीवीएससी एवं एएच कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे संस्थान ने सफलतापूर्वक निभाया है। आज का दिन केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संकल्प लेने का भी है। संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डॉ. एस के मेंदिरत्ता और स्नातक समन्वयक डॉ. रजत गर्ग ने भी विचार रखे। इस दौरान डॉ. हिमानी धांजे, डॉ. यूके डे, डॉ. एसके सिंह, डॉ जी.तरु शर्मा, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, राजीव लाल, डॉ. अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## रुविवि : सुधांशु बने पशु जंतु कल्याण बोर्ड के नोडल अधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश पर कुलसचिव ने सुरक्षा प्रभारी सुधांशु कुमार को परिसर में पशु जीव जंतु कल्याण बोर्ड का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। हाईकोर्ट के आदेश पर पशु जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सचिव ने कोर्ट के आदेश का पालन करने और एसओपी के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM (Male) • आयुर्वेदिक परिचारिका
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय
- हॉस्टल वार्डन फीमेल
- कैंटीन सुपरवाइजर/मेस सुपरवाइजर

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

# स्टेडियम : नए साल में खिलाड़ियों को मिलेगी जिम्नास्टिक हॉल की सौगात

कार्यालय संवाददाता, बरेली



स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माणाधीन जिम्नास्टिक हॉल। ● अमृत विचार

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में 6300 वर्ग फुट क्षेत्रफल में हो रहा निर्माण
- आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस खेल के प्रति बढ़ेगा रुझान

**अमृत विचार :** नए साल में स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक जिम्नास्टिक हॉल की सौगात मिलेगी। बैडमिंटन हॉल के पीछे इस हॉल का निर्माण हो रहा है। विभागीय अफसरों के अनुसार 80 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो गया है। दावा है कि फरवरी तक हॉल बनकर तैयार हो जाएगा, जिसमें खिलाड़ी अभ्यास कर सकेंगे।

जिम्नास्टिक हॉल का निर्माण मई में आरंभ हुआ था। 6300 वर्गफुट क्षेत्रफल में बनने वाले जिम्नास्टिक हॉल की पहले ऊंचाई 5.50 मीटर निर्धारित की गई थी। वहीं अब इसे 7.50 मीटर की ऊंचाई के साथ तैयार किया जाएगा। जिसके ऊपर 2 मीटर ऊंची झोपड़ीनुमा टिन शेड को डाला जाएगा। तत्कालीन सीडीओ जग प्रवेश की पहल पर जिम्नास्टिक हॉल को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) बनवा रहा है। हॉल के निर्माण को 1 करोड़ से अधिक के बजट में तैयार किया जा रहा। वर्तमान में जिम्ननास्टिक खिलाड़ी जिम्नास्टिक हॉल न होने के कारण बैडमिंटन हॉल में एक निर्धारित स्थान पर करीब 40 खिलाड़ी रोज अभ्यास करने आते हैं। जिनमें कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के भी शामिल हैं। नया हॉल बनने के बाद उन्हें न केवल पर्याप्त जगह मिलेगी, बल्कि बेहतर उपकरणों और सुरक्षित माहौल में अभ्यास का मौका भी मिलेगा।



"आधुनिक हॉल बनने से नए खिलाड़ियों का भी रुझान जिम्नास्टिक की ओर बढ़ेगा।
–संतोष शर्मा, सचिव जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन

## सिटी डायरी

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई



**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी सुरक्षा समूह ने बुधवार को श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर डीडीपुरम स्थित शहीद चौक पर हवन किया गया। भजन गायिका शिप्रा पाठक ने सुंदरकांड का पाठ किया। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार रहे। समापन पर भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भजनों पर नृत्य किया। सभी को मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दीं। महानगर अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, केपी गोस्वामी, राकेश भारती, नितेश वर्मा, मनीष पाठक, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पागरानी, ज्ञानेंद्र गुप्ता, अमित अग्रवाल, मयंक शर्मा, मनीष चंडोक, संजीव साहनी आदि उपस्थित रहे।

### इग्नू के अध्ययन केंद्र पर प्राचार्य और पूर्व समन्वयक का सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र पर बुधवार को समारोह में प्राचार्य प्रो. ओपी राय और पूर्व समन्वयक प्रो. केके सक्सेना को सम्मानित किया गया। इसमें संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि महाविद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ इग्नू के विद्यार्थी भी उठा सकते हैं। पूर्व अध्ययन केंद्र समन्वयक प्रो. केके सक्सेना ने कहा कि विद्यार्थियों को बरेली कॉलेज की सुविधा का लाभ लेकर अपने शिक्षा के स्तर को और मजबूत करना चाहिए। संवाद कार्यक्रम के बाद परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा, सह समन्वयक ब्रजवास कुशवाहा, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, प्रो. मनमीत कौर, प्रो. रेनू चौधरी, प्रो. नीलम गुप्ता, प्रो. रविंद्र बंसल, डॉ. रमेश त्रिपाठी, प्रियंक मल्होत्रा, योगेश शर्मा, डॉ. रामबाबू आदि उपस्थित रहे।

### राम आदर्शों और मानवीय मूल्यों के साथ सिद्धांतों के भी प्रतीक



**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर स्थित द मदर ग्रेस हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बुधवार को श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर बाल रामायण का आयोजन किया गया। बाल रामायण रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने बताया कि प्रभु राम सत्य, न्याय और दृढ़ता के प्रतीक हैं। राम आदर्शों, मानवीय मूल्यों के साथ सिद्धांतों के भी प्रतीक हैं। संपूर्ण संसार उन्हें नमन करता है। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री राम के चित्र के समक्ष विधिवत रूप से पूजन के बाद सामूहिक रूप से आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नितिन कुमार, मंजू यादव, मंजू सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### ठंड में जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया



**बरेली, अमृत विचार :** सर्दी में मानव सेवा क्लब की ओर से बुधवार सुबह कुतुबखाना, घंटाघर मजदूर अड्डे पर सैकड़ों श्रमिकों को गर्म वस्त्र, कंबल और चाय-नाश्ता बांटा गया। सीमा की पुण्यतिथि पर कंबल बांटते हुए अतिथि कर्नल पंकज अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा सर्वोत्तम सेवा है। इसको सभी को करते रहना चाहिए। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि क्लब पिछले 20 वर्षों से साल के अंतिम दिन को मानवता दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। इसके अलावा काशी वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन कराया गया। जरूरी सामान का वितरण किया गया। महासचिव प्रदीप माधवार, डॉ. सुरेश रस्तोगी, डॉ. अनिमेष मोहन, डॉ. रीति खरे, कल्पना सक्सेना, डॉ. अतुल वर्मा, इं. ए.एल.गुप्ता, राज कुमार सक्सेना, अभय सिंह भटनागर, मुकेश सक्सेना, मधु वर्मा, सुधीर मोहन, मीरा मोहन, पंकज अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, राजीव अस्थाना, आशु माधवार, प्रकल्प सिन्हा, जाह्नवी समेत अन्य मौजूद रहे।